# दिव्यांगजन के खेलों का केंद्र बना मप्र : सीएम

## राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव-2026 नॉट आउट @ 100 का शुभारंभ

**भोपाल, 22 फरवरी. मुख्मयंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव-2026 नॉट आउट @ 100 का शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन मैदान पर दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और दिव्यांग खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश दिव्यांगजन के खेलों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है. प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है. समाज सुधारक और चिंतक स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष पर 100 घंटे लगातार क्रिकेट खेलने का यह प्रयास केवल रिकॉर्ड बनाने की कोशिश नहीं, बल्कि यह संदेश है कि जब संकल्प समाज के उत्थान के लिए होता है तो सीमाएं स्वयं समाप्त हो जाती हैं. दिव्यांगजनों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसी उद्देश्य से ही राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है.

### सीएम ने की बल्लेबाजी ...

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रिकेट पिच पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा एक बॉल खेलकर मैच का शुभारंभ किया. पहला मैच मध्यप्रदेश और राजस्थान की ऑर्थो कैटेगरी टीम के बीच रहा. इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव को खेल महोत्सव का बैच लगाया गया. मुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट की कैप भी धारण की. उन्होंने दिव्यांग बेटी संगीता विश्नोई की इच्छाशक्ति की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां केवल खिलाड़ी नहीं, आत्मविश्वास और साहस की जीवंत मिसाल हैं.

### विश्व में पहली बार हो रहा ऐसा आयोजन

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि विश्व में पहली बार एक ऐसा आयोजन हो रहा है, जहां खेल की गूंज लगातार 100 घंटे तक रहेगी. दिन हो या रात दिव्यांग खिलाड़ी अपने प्रयासों से एक नया इतिहास रचेंगे. उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन खेल महोत्सव में 25 टीमों के 350 खिलाड़ी भाग लेंगे. यह महोत्सव 26 फरवरी तक जारी रहेगा. स्थानीय विधायक भगवानदास सबनानी ने सभी का आभार माना. कार्यक्रम में अजय जामवाल, राहुल कोठारी, रविन्द्र यति और दिव्यांग खिलाड़ी उपस्थित रहे.




# 382 करोड़ के निर्माण कार्यों से चमकेगा जबलपुर : राकेश

**जबलपुर, 22 फरवरी. प्रदेश का बजट विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.**

सरकार के इस बजट से शहर और प्रदेश दोनों चमकेंगे. क्योंकि जबलपुर में 382 करोड़ के 34 निर्माण कार्यों को बजट में शामिल किया गया है. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बजट पर रविवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान ये बातें कहीं. उन्होंनें कहा कि मध्यप्रदेश, देश का पहला प्रदेश है जिसने ईको- संवेदनशील ज़ोनल मास्टर प्लान बनाने का कार्य शुरू हो चुका है. ओंकारेश्वर, भोजपुर, सलकनपुर, रायसेन कला, जानापाहा, भेड़ाघाट से लेकर चौंसठ योगिनी और नरसिंह कला में रोप-वे कार्य प्रस्तावित है. मतलब जल्द ही जबलपुर के भक्त अब रोप वे के माध्यम से चौंसठ योगिनी मंदिर पहुंचेंगे. उन्होंने बजट के अन्य प्रावधानों के बारे में भी बताया.

# क्षिप्रा और संतों के पढ़ाव स्थल तक जाने वाले मार्ग की तुड़ाई शुरू

- छत्री चौक से ढाबा रोड तक तुड़ाई
- लोग खुद हटा रहे चिन्हित हिस्से
- कंठाल से सती गेट तक सीवर कार्य भी शुरू

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकुंभ के अंतर्गत सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है. उसी के अंतर्गत धाबा रोड की ये वही मुख्य सड़क हैं जिनसे होकर श्रद्धालु नदी और महाकाल क्षेत्र, व संतों के पढ़ाव स्थल की ओर जाएंगे. ये मार्ग चौड़ा होने से कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओ को काफी सुगमता होगी.**



रविवार से मेला क्षेत्र को सुगम और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से छत्रीचौक पानी की टंकी से ढाबा रोड होते हुए सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण का काम प्रारंभ कर दिया गया है. यहां चौड़ीकरण किए जाने की बहुत पुरानी मांग है,जो अब पूरी हो रही है. अपने हाथों से तोड़ रहे आशियाने

सबसे खास बात यह है कि चिन्हित हिस्सों को हटाने में भवन स्वामी स्वयं आगे आ रहे हैं. लोग अपने आशियाने का हिस्सा अपने हाथों से तोड़ रहे हैं ताकि बड़े नुकसान से बचा जा सके और शहर विकास में योगदान दे सकें. यह जज्बा शहर के प्रति जिम्मेदारी और सहयोग की मिसाल माना जा रहा है.

**आयुक्त ने किया अवलोकन :** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि कार्य में तेजी लाई जाए और आवश्यकता पड़ने पर रात्रि में भी काम किया जाए. जहां तोड़ाई का कार्य हो रहा है, वहां से तत्काल मलबा हटाने, नालियों की नियमित सफाई करने, पानी के लीकेज पर नियंत्रण रखने और प्रकाश व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए गए हैं. सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग कर कार्य किया जा रहा है तथा नागरिकों से अपील की गई है कि ट्रैफिक डायवर्जन का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें.

**कंठाल से सती गेट :** इसी क्रम में कंठाल चौराहा से सतीगेट तक सीवर लाइन का कार्य भी प्रारंभ किया गया है. यह क्षेत्र व्यावसायिक होने के कारण अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को कम से कम असुविधा हो.

**नागरिकों का सहयोग :** नगर निगम प्रशासन का कहना है कि सिंहस्थ 2028 को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए सड़क, सीवर और आधारभूत संरचना के कार्य समयसीमा में पूरे किए जाएंगे. शहर के नागरिकों के सहयोग से विकास कार्यों को नई गति मिल रही है, जो आने वाले महाकुंभ के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है.

### सवारी इसी मार्ग से निकलती है

महाकाल बाबा की सवारी भी इसी मार्ग से निकलती है, ऐसे में कार्तिक मास सावन मास और अन्य त्योहार पर्वों पर यहां पर श्रद्धालुओं का बड़ा सैलाब उमड़ता है, साधु संतों की पेशवाई और अनेक यात्राएं एवं धार्मिक कार्यक्रमों की भीड़ भी यही से निकलती है, खास बात यह है कि मोक्षदायनी मां शिप्रा के साथ ही हरसिद्धि ,मंदिर महाकाल मंदिर और साधु संतों के आश्रमों पर जाने का भी यही एकमात्र रास्ता है, ऐसे में यह सड़क चौड़ी होने से शहर वासियों से लेकर बाहर जाने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों को सुगमता होगी.

# एमपी में बदलेगा मौसम, फिर बारिश की आहट

- आज कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

**भोपाल, 22 फरवरी.** मध्य प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार फरवरी माह में चौथी बार वर्षा की स्थिति बन रही है. सोमवार को मंडला, डिंडौरी समेत सात जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, जबकि रविवार को अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने और दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है.

पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल, सागर, जबलपुर, धार, इंदौर, खंडवा, रायसेन, रतलाम और उज्जैन सहित 15 से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. राजधानी भोपाल में सुबह बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी हुई. वहीं दक्षिण-पूर्वी जिलों छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में बूंदाबांदी से मौसम ठंडा बना रहा.

### न्यूनतम तापमान में फिर आएगी गिरावट

फरवरी की शुरुआत से ही प्रदेश में मौसम अस्थिर बना हुआ है. पहले दो दौर में ओलावृष्टि और तेज हवाओं से फसलों को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद सर्वे कराया गया. 18 फरवरी से तीसरा दौर शुरू हुआ, जो 21 फरवरी तक चला. अब चौथे चरण की संभावना जताई जा रही है. बारिश से दिन के तापमान में गिरावट आई है, जबकि रात में ठंड में कुछ कमी दर्ज की गई. राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस और मंदसौर में 10.8 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार फरवरी का अंतिम सप्ताह भी उतार-चढ़ाव भरा रहेगा.

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार ऊपरी हवा में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाए रहे और रुक-रुककर वर्षा होती रही. 22 फरवरी को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर सीमित रहा.

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

**बिजली विभाग (पॉवर)**
**ई–निविदा सूचना**

**संख्या : EL-2025-26-26R, दिनांक : 20.02.2026.** मंडल रेल प्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई–निविदा के माध्यम से वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है :
**ई टेंडरिंग संख्या :** EL-2025-26-26R, **कार्य का नाम :** Ratlam Division : Ratlam & Indore - Provision of 06 Escalators at Platform no 04 and platform no 07 of Ratlam station and 01 no. of Escalator in circulating area of PF-05/06 at Indore station. (Electrical + Civil), **अनुमानित लागत :** ₹ 74059417.39, **बयाना राशि:** ₹ 520300.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 24.03.2026. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्तें वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
ADM/7/1/473
Follow us on: twitter.com/WesternRly




शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत ₹ 63,059#
कॉर्पोरेट ऑफ़र्स/किसान योजना ₹2 200~ तक
डाउन पेमेंट ₹4 999$ से शुरू
EMI पर इंस्टेंट कैश बैक ₹10 000^ तक
HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Self in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलर: अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलोट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**